दिनांक 10.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत् व 08 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षाकर्मियो के शिक्षा विभाग में संविलियन हेतु आवश्यक एम्प्लाई डाटाशीट व प्रान नम्बर पंजीयन हेतु सीएसआरएफ फार्म भरने का कार्य निगम सभागार में किया गया। नगरीय निकाय के 110 शिक्षाकर्मी प्रथम चरण के संविलियन हेतु पात्र पाये गये हैं जिनसे संबंधित अंतिम वेतन प्रमाण पत्र तैयार कर 09 जुलाई को ही जिले के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत को भेजा जा चुका है। और 15 जुलाई 2018 को नवीन शाला दुर्ग में शिविर का आयोजन कर एम्प्लाई कोड (ई कोश) तथा प्रान नम्बर जनरेट करने का कार्य किया जायेगा।

इस कार्य में नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के एल चौहान ,कोषालय अधिकारी श्री आनंद मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री आशुतोष चौरे , का विशेष सहयोग मिला तथा सभी उपस्थित शिक्षकों ने शासन का हृदय से आभार माना।

इस आयोजन में निगम भिलाई के प्रभारी शिक्षा अधिकारी श्री आर वाय 0के0 राव, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, दुर्ग संकुल समन्वयक अरविन्द बंजारे, अनिल वर्मा, सुरेश चन्द्राकर, निजामुद्दीन, नारायण प्रसाद

जन सम्पर्क अधिकारी